# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: २०२३-२०२४

**कक्षा:चार** | **विषय:हिंदी** | **पाठ : क्रिया**

**परिभाषा:** जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं।

**जैसे:** जाना, गाना ,लिखना ,देखना, दौड़ना, खेलना, खाना, उड़ना आदि।

**क्रिया के भेद: क्रिया के दो भेद होते हैं।**

१. सकर्मक क्रिया

२. अकर्मक क्रिया

**१. सकर्मक क्रिया:**

**उदाहरण:- क)** मोनिका केला खाती है।

**ख)** राजीव पत्र लिखता है।

**ग)** बच्चे टीवी देख रहे हैं।

**२. अकर्मक क्रिया:**

**उदाहरण:- क)** बालक हँसता है।

**ख)** घोड़ा दौड़ता है।

ग) अर्पिता खेल रही है।

**सकर्मक और अकर्मक क्रिया की पहचान:** यदि क्रिया के साथ 'क्या' , 'किससे' 'किसको' लगाकर प्रश्न करने से कोई उत्तर मिल जाता है तो वाक्य में सकर्मक क्रिया होती है और यदि उत्तर नहीं मिलता तो वाक्य में अकर्मक क्रिया होती है।